

मार्च–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध




● दिनांक 05.02.2019 : 'इण्टरनेशनल सेफ साइबर दिवस' पर वीमेन पावर लाइन–1090, उ.प्र. ने साइबर पीस फाउण्डेशन के साथ युवा पीढ़ी को सेफ इण्टरनेट प्रैक्टिसेज़ के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में मनोरंजन व लघु नाटिका का प्रदर्शन एवं रेडियो जॉकी, श्री मयंक ने वीमेन पावर लाइन–1090 के बारे में जानकारी दी।



साइबर पीस कॉर्प्स तथा साइबर कुम्भ पोर्टल की लॉन्चिंग पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने की व लोहिया पथ पर 1090 चौराहे से समतामूलक चौराहा होते हुए एक साइबर पीस वॉक को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पीस वॉक में लखनऊ के 19 स्कूल/कॉलेज के 450 पावर ऐन्जिल्स /पावर हीरो एवं 28 पावर गार्जियन व पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। पुलिस महानिदेशक ने सेफर इण्टरनेट यूज़ व इसमें 1090 की भूमिका पर प्रकाश डाला। अपर पुलिस महानिदेशक, 1090 ने भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साइबर पीस कॉर्प्स वालेन्टियर प्रशिक्षण में सेफर इण्टरनेट यूज़ तथा सोशल मीडिया व साइबर स्पेस के बारे में प्रदत्त जानकारी से 70 वालेन्टियर लाभान्वित हुए।



पुलिस महानिदेशक ने परिवार परामर्श केन्द्रों पर अपनायी जाने वाली एस.ओ.पी. का विमोचन भी किया। कार्यक्रमों में डिप्टी चीफ, यूनिसेफ, उ.प्र., श्री अमित मल्होत्रा, यूनीसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती नेहा नायडू, एन.सी.ई.आर.टी. के डिपार्टमेन्ट हेड, श्री इन्दु कुमार तथा साइबर पीस फाउण्डेशन के अध्यक्ष, कैप्टन विनीत कुमार भी उपस्थित रहे।



● दिनांक 01.02.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आई.ए.एस. सप्ताह पर तिलक हॉल में उद्बोधन में पिछले वर्ष में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण, त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने व त्यौहारों पर तुलनात्मक रुप से कम घटनाएँ होने का उल्लेख किया।




अतिविशिष्ट/विशिष्ट अतिथियों का उ.प्र. में रिकॉर्ड भ्रमण, वाराणसी में भारतीय प्रवासी दिवस 2019, 13 हजार से अधिक अपराधियों के न्यायालय में आत्मसर्मपण/स्वयं जमानत निरस्त कराकर जेल जाने, पुलिस कार्यवाही में 74 अपराधियों के मारे जाने, प्रत्येक थाने को सीसीटीएनएस से जोड़ने, यूपी कॉप एप लॉन्च कर ऑनलाइन एफआईआर/चरित्र सत्यापन व विभिन्न नागरिक सेवाओं तक जनसामान्य की पहुँच को स्पष्ट किया।

अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश हेतु त्रिनेत्र एप, विवेचनाओं के सम्बन्ध में ऑनलाइन विधिक राय हेतु e-Prosecution पोर्टल, यूपी 100 को रेलवे/एम्बुलेंस/फायर सर्विस के साथ एकीकृत करने, कार्मिकों को Soft Skill प्रशिक्षण, ट्विटर द्वारा शिकायतों का निस्तारण, भू माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही, शस्त्र दुकानों व कारतूसों का सत्यापन, दं.प्र.सं. 107/116 एवं गुण्डा एक्ट में त्वरित कार्यवाही, जघन्य अपराध एवं दुर्दान्त अपराधियों के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही हेतु प्रत्येक जनपद में मॉनीटरिंग सेल तथा पॉक्सो एक्ट के अभियोगों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित कराने का उल्लेख भी किया।

मार्च–2019 www.uppolice.gov.in
न्यूज़ लेटर
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## जन कल्याण सेवाएँ

### यूपी कॉप एप ने की विदेशी पर्यटक की सहायता

• दिनांक 01.02.2019 : रुस से कुम्भ मेला आये श्री व्लॉदीमिर ने नई दिल्ली से प्रयागराज रेल यात्रा में अपना सामान खो दिया जिसमें पासपोर्ट, लेंस, सिमकार्ड और पैसे थे। कुम्भ मेला पुलिस ने यूपी 100 कॉप एप से खोये सामान की रिपोर्ट दर्ज करायी व जीआरपी से सम्पर्क कर तत्काल बैग बरामद कराया। व्लॉदीमिर ने उ.प्र. पुलिस की तत्पर कार्यवाही के लिए लिखित धन्यवाद दिया तथा इस तत्पर कार्य को विश्व की श्रेष्ठतम पुलिस के मापदण्ड में शुमार किया।



## उपलब्धि

### यूपी-100 को 'जियो स्मार्ट इण्डिया-2019 अवार्ड'

• दिनांक 11.02.2019 : नई दिल्ली में आयोजित 'इण्डिया जियो स्पेशियल एक्सलेन्स अवार्ड समारोह' में मा. विदेश राज्य मंत्री, श्री वी.के. सिंह ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., श्री ओ.पी. सिंह को 'एक्सलेन्स अवार्ड फार पब्लिक सेफ्टी श्रेणी' के अन्तर्गत यूपी–100 हेतु 'जियो स्मार्ट इण्डिया–2019 अवार्ड' प्रदान किया।



### Medal for Excellence in Investigation

• मा. गृह मंत्री, भारत सरकार का Medal for Excellence in Investigation 2018 उ.प्र. पुलिस के निम्न 08 कार्मिकों को प्राप्त हुआ–

1. श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, 2. श्रीमती वंदना सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, 3. श्री महेन्द्र कुमार वर्मा, निरीक्षक, 4. श्री पंकज मिश्रा, निरीक्षक, 5. श्री संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक, 6. श्री लेखराज सिंह, निरीक्षक, 7. श्री विजय कुमार चौरसिया, निरीक्षक एवं 8. श्रीमती अनु तोमर, उपनिरीक्षक।

## तकनीकी उन्नयन

• दिनांक 08.02.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने e-Court व e-Prison को सीसीटीएनएस से लिंक करने का शुभारम्भ किया। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य हो गया है, जहाँ e-Court, e-Prison, e-Prosecution को सीसीटीएनएस से लिंक कर अभियोजन, कारागार एवं न्यायालय से सम्बन्धित सूचनायें थाने के कम्प्यूटर पर एक क्लिक पर उपलब्ध हो जायेंगी।

## सराहनीय कार्य

• दिनांक 23.02.2019 : लखनऊ से चोर गिरफ्तार, रु. 24,40,000.00 नकद, रु. 3.50 लाख के जेवर व रु. 1 लाख के 3 मोबाइल बरामद।

• दिनांक 22.02.2019 : मुज़फ्फरनगर में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की इण्टर परीक्षा में भौतिकी में नकल कराने वाले 17 अभियुक्त गिरफ्तार।

• दिनांक 18.02.2019 : राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे जंक्शन व कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन से 07 अभियुक्त चोरी के जेवर, कार व नकदी सहित गिरफ्तार। हापुड़ से 03 अभियुक्त चोरी के 204 कट्टे ग्रेन बासमती चावल व आग्नेयास्त्र, उन्नाव से 03 चोर चोरी के 64 मोबाइल फोन, एलसीडी टीवी, 02 लैपटाप सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 17.02.2019 : हापुड में 05 लुटेरे लूट के रु. 7,10,000.00 नकद, जेवर रु. 2,50,000.00 व आग्नेयास्त्र सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 16.02.2019 : फतेहपुर में 23 ग्राम सोना व 925 ग्राम चॉदी आभूषणों सहित दो लुटेरे गिरफ्तार।

• दिनांक 15.02.2019 : गोरखपुर से 03 अभियुक्त चोरी के रु. 13 लाख मूल्य के 85 एन्ड्रायड मोबाइल सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 14.02.2019 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन, आगरा इकाई द्वारा लेखपाल, छाता, मथुरा रु. 10,000.00 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार।

• दिनांक 11.02.2019 : गाज़ियाबाद में 03 अभियुक्त मय आग्नेयास्त्र, चोरी के रु. 15 लाख नकद, रु. 15 लाख के कपड़े, प्रयुक्त 04 लग्ज़री कारें, 29 लैपटॉप गिरफ्तार। बहराइच के प्रचीन मंदिर से दिनांक 02.02.2019 को लगभग रु. 10 करोड़ मूल्य की चोरी गयी अष्टधातु मूर्तियों सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

• दिनांक 08/09.02.2019 : सीतापुर में रु. 4,60,000.0 मूल्य की 01 कुन्तल 60 किलो चन्दन की लकड़ी सहित 03 तस्कर गिरफ्तार।

• दिनांक 08.02.2019 : गाज़ियाबाद में लूट की घटना का अनावरण, 03 अभियुक्त लूट के रु. 04 लाख व प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार।

• दिनांक 03.02.2019 : गौतमबुद्धनगर से 06 चोर चोरी के रु. 10 लाख के कॉपर केबल मय वाहन/आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।

• दिनांक 02.02.2019 : इटावा में 06 चोर रु. 11,50,000.00 के चोरी के 78 मोबाइल फोन रु. 84,000 नकद मय आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।

• दिनांक 02.02.2019 : दिनांक 21.01.2019 को सहारनपुर में मोटर साइकिल सवारों ने अंकित से रु. 01 लाख लूट लिये। दिनांक 02.02.2019 को नरेन्द्र कुमार से भी बदमाशों ने रु 01 लाख लूटे। पुलिस ने पीछा कर बदमाशों को पकड़ा व लूट के रु. 1,04,000.00 बरामद कर घटनाओं का खुलासा किया।

## कल्याण

• दिनांक 15.02.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 सभागार में रिटायरमेंट प्लानिंग पर कार्यशाला का उद्घाटन किया व बदलते परिवेश में समाज के सभी वर्गों विशेषतया सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े पुलिस कर्मियों को आर्थिक स्वतंत्रता हेतु वित्तीय साक्षरता व प्रबन्धन की जानकारी, सेवानिवृत्ति के बाद की आवश्यकताएँ, चुनौतियों एवं जिम्मेदारियों के दृष्टिगत बचत, निवेश, टैक्स प्लानिंग इत्यादि पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। इस दौरान 200 कार्मिकों को जागरुक किया तथा 03 माह में 2500 से अधिक कार्मिकों को जागरुक करने का लक्ष्य दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, सेबी के अधिकारी, एवोक इंडिया के संस्थापक एवं अध्यक्ष इत्यादि उपस्थित रहे।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

• दिनांक 22.02.2019 : जैश–ए–मोहम्मद के 02 आतंकी देवबंद से गिरफ्तार।

• दिनांक 15.02.2019 : स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर और यूपी, एटीएस के संयुक्त ऑपरेशन में खालिस्तान समर्थकों को अवैध शस्त्र देने का आरोपी गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 23.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 02.02.19 | पश्चिम बंगाल | 01 |
| 16.02.19 | प्रतापगढ़ | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 25.02.19 | बाराबंकी | 01 | 13.02.19 | बरेली | 01 |
| 19.02.19 | दिल्ली | 01 | 08.02.19 | कानपुर नगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | इनाम (रु.) : 10,000.00 | | |
| 19.02.19 | बरेली | 01 | 27.02.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 |

• दिनांकः 25/26.02.2019 : उ.प्र. माध्यमिक (बोर्ड) परीक्षा में अवैध वसूली करके सामूहिक रुप से उत्तर पुस्तिका लिखवाने वाले गिरोह के 10 सदस्य बलिया में गिरफ्तार।

• दिनांक 23.02.2019 : दिनांक 21.02.2019 को मण्प्पुरम फाईनेन्स लिमिटेड में गोल्ड लूट के 03 आरोपी मेरठ से गिरफ्तार।

• दिनांक 17.02.2019 : महाराष्ट्र मध्यप्रदेश, बिहार एवं आन्ध्रप्रदेश आदि राज्यों में चोरी, लूट व डकैती गिरोह के 4 सदस्य मेरठ से गिरफ्तार।

• दिनांक 16.02.2019 : फिल्म प्रोडक्शन हाऊस, बैंकिंग, टेक्सटाइल्स, मीडिया हाऊस एवं रियल स्टेट आदि की फर्जी कम्पनियाँ बनाकर मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से ठगी करने वाले 05 अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार। दिनांक : 27.12.2018 को जिला कारागार, प्रतापगढ़ के आरक्षी की हत्या में वांछित इनामी अपराधी गिरफ्तार। हाई–स्कूल गणित विषय में सामूहिक नकल कराने वाले गिरोह के 15 सदस्य गाजीपुर व प्रधानाध्यापक सहित 05 सदस्य बलिया से गिरफ्तार।

- दिनांक 14.02.2019 : उ.प्र. माध्यमिक (बोर्ड) परिषद, प्रयागराज की हाईस्कूल अंग्रेजी की प्रथम पाली परीक्षा में परीक्षा केन्द्र के बाहर से पेपर हल कराकर परीक्षार्थियों की कॉपियों में संलग्न करा रहे प्रधानाचार्य सहित 04 सदस्य मथुरा में गिरफ्तार।
- दिनांक 11.02.2019 : कानपुर नगर में नकली देसी घी व तिल का तेल बनाने वाली फैक्ट्री का भण्डाफोड़, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, लगभग रु. 50 लाख का नकली घी/तेल बरामद।
- दिनांक 02.02.2019 : ऑनलाइन शॉपिंग कम्पनी अमेज़न के चलते कन्टेनर में घुस कर चोरी करने वाले 07 चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार।
- दिनांक 01.02.2019 : 114 तीतर व 03 सुर्खाब सहित 02 अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार।

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 25.02.19 | कानपुरनगर | 6000 ली. स्प्रिट | –– | –– | 02 |
| 17.02.19 | हरदोई | 665 | –– | 25 लाख | 04 |
| 16.02.19 | लखनऊ | –– | 60कि.ग्रा.चरस | 06 करोड़ | 07 |
| 15.02.19 | गोरखपुर | 2100 | –– | 40 लाख | 04 |
| 14.02.19 | मुज़फ्फरनगर | –– | गाँजा, भाँग, चरस | 05 लाख | 04 |
| 11.02.19 | सुल्तानपुर | 75000 ली. स्प्रिट | –– | –– | 06 |
| 10.02.19 | बस्ती | –– | मादक पदार्थ | 15 लाख | 04 |
| 04.02.19 | लखनऊ | 1500 लीटर | –– | –– | 03 |

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 23.02.19 | कुशीनगर | 01 | 07.02.19 | बागपत | 01 |
| 23.02.19 | सुल्तानपुर | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 30,000.00 | | | | | |
| | | | 27.02.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 27.02.19 | मुज़फ्फरनगर | 02 | 12.02.19 | बाराबंकी | 01 |
| 27.02.19 | प्रयागराज | 01 | 11.02.19 | बाराबंकी | 02 |
| 27.02.19 | इटावा | 01 | 09.02.19 | एटा | 01 |
| 26.02.19 | बलिया | 02 | 09.02.19 | कानपुर नगर | 01 |
| 26.02.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 09.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 25.02.19 | कानपुर नगर | 01 | 09.02.19 | कन्नौज | 01 |
| 24.02.19 | ललितपुर | 01 | 09.02.19 | हरदोई | 01 |
| 23.02.19 | आजमगढ़ | 02 | 08.02.19 | बदायूँ | 01 |
| 22.02.19 | गोरखपुर | 01 | 08.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.02.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 | 08.02.19 | गोरखपुर | 01 |
| 20.02.19 | रायबरेली | 01 | 08.02.19 | कासगंज | 02 |
| 19.02.19 | मथुरा | 01 | 07.02.19 | प्रयागराज | 01 |
| 19.02.19 | एटा | 02 | 06.02.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 19.02.19 | रामपुर | 01 | 06.02.19 | मऊ | 01 |
| 17.02.19 | रामपुर | 01 | 06.02.19 | कानपुर नगर | 01 |
| 17.02.19 | सम्भल | 01 | 05.02.19 | कासगंज | 01 |
| 16.02.19 | हरदोई | 01 | 03.02.19 | गाजीपुर | 01 |
| 16.02.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 02.02.19 | मेरठ | 02 |
| 16.02.19 | बरेली | 01 | 01.02.19 | गाजीपुर | 01 |
| 13.02.19 | कानपुर नगर | 01 | 31.01.19 | गोण्डा | 01 |
| 12.02.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 31.01.19 | सीतापुर | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| 27.02.19 | जौनपुर | 01 | 11.02.19 | कौशाम्बी | 01 |
| 25.02.19 | जौनपुर | 01 | 09.02.19 | बलिया | 01 |
| 24.02.19 | रायबरेली | 01 | 08.02.19 | बलिया | 01 |
| 12.02.19 | बलिया | 01 | 04.02.19 | बाराबंकी | 01 |
| 11.02.19 | कानपुर देहात | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| 26.02.19 | रायबरेली | 05 | 12.02.19 | संतकबीरनगर | 01 |
| 22.02.19 | रायबरेली | 01 | 12.02.19 | हरदोई | 01 |
| 22.02.19 | सुल्तानपुर | 02 | 11.02.19 | जालौन | 01 |
| 21.02.19 | संतकबीरनगर | 01 | 08.02.19 | बलिया | 01 |
| 21.02.19 | रायबरेली | 02 | 07.02.19 | अलीगढ़ | 01 |
| 20.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 06.02.19 | रायबरेली | 01 |
| 20.02.19 | रायबरेली | 01 | 04.02.19 | हाथरस | 01 |
| 15.02.19 | रायबरेली | 01 | 01.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 14.02.19 | जौनपुर | 01 | 01.02.19 | संतकबीरनगर | 01 |
| 14.02.19 | गाज़ियाबाद | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 12,000.00 | | | | | |
| 19.02.19 | बलिया | 01 | 31.01.19 | वाराणसी | 01 |
| 03.02.19 | वाराणसी | 01 | | | |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 27.02.19 | गोरखपुर | 02 | 11.02.19 | बाराबंकी | 01 |
| 24.02.19 | बाराबंकी | 01 | 07.02.19 | खीरी | 01 |
| 23.02.19 | शामली | 01 | 07.02.19 | बदायूँ | 01 |
| 21.02.19 | बलिया | 01 | 04.02.19 | बहराइच | 02 |
| 16.02.19 | बाराबंकी | 02 | 01.02.19 | बागपत | 03 |
| 12.02.19 | बाराबंकी | 02 | | | |
| इनाम (रु.) : 5,000.00 | | | | | |
| | | | 23.02.19 | संतकबीरनगर | 01 |

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 27.02.19 | गौतमबुद्धनगर | 70ली. स्प्रिट | –– | –– | 07 |
| 25.02.19 | गौतमबुद्धनगर | 175 | –– | 3.50लाख | 01 |
| 24.02.19 | बाराबंकी | –– | 1.010 कि.ग्रा. मॉरफीन | 03करोड़ | 01 |
| 24.02.19 | एटा | 907 | –– | 30 लाख | 02 |
| 24.02.19 | गौतमबुद्धनगर | 25350 ली. स्प्रिट | –– | –– | 10 |
| 23.02.19 | बाराबंकी | –– | 12 कि.ग्रा. मॉरफीन | 40 करोड़ | 02 |
| 22.02.19 | एटा | 760 | –– | 35 लाख | 03 |
| 22.02.19 | अमेठी | –– | 12ग्रा. मॉरफीन | 1.2 लाख | 01 |
| 22.02.19 | चन्दौली | 5040 | –– | 17लाख | 06 |
| 22.02.19 | चन्दौली | 1093 | –– | 5.25 लाख | 01 |
| 21.02.19 | मुज़फ्फरनगर | 550 | –– | 10 लाख | 02 |
| 17.02.19 | बहराइच | –– | 6.400 कि.ग्रा. चरस | 1.92करोड़ | 02 |
| 16.02.19 | बाराबंकी | –– | 800 ग्रा. मॉरफीन | 2.5करोड़ | 02 |
| 15.02.19 | मऊ | –– | 103 कि.ग्रा. गाँजा | 10 लाख | 03 |
| 12.02.19 | बलिया | 321 | –– | 40 लाख | 01 |
| 12.02.19 | बाराबंकी | –– | 1.1 कि.ग्रा. मॉरफीन | 3.10करोड़ | 03 |
| 12.02.19 | चन्दौली | 1078 | –– | 26 लाख | 06 |
| 11.02.19 | बाराबंकी | –– | मॉरफीन | 1.5 करोड़ | 04 |
| 11.02.19 | बलरामपुर | –– | 9.45 कि.ग्रा. चरस | 03 करोड़ | 01 |
| 09.02.19 | वाराणसी | 560 | –– | 50 लाख | 02 |
| 09.02.19 | बस्ती | 1409 | –– | 01 करोड़ | –– |
| 08.02.19 | गाज़ियाबाद | –– | –– | 50 लाख | 02 |
| 08.02.19 | बहराइच | –– | 3कि.ग्रा. चरस | 30 लाख | 01 |
| 08.02.19 | बराबंकी | –– | 500 ग्रा. मॉरफीन | 50 लाख | 03 |
| 05.02.19 | बहराइच | –– | 39 ग्रा. मॉरफीन | 39 लाख | 01 |
| 05.02.19 | शामली | 1000 | –– | 50 लाख | 02 |
| 04.02.19 | चन्दौली | –– | 1 कुन्तल 82 कि.ग्रा. गाँजा | 10 लाख | 03 |
| 03.02.19 | मऊ | –– | 10.330 कि.ग्रा. गाँजा | –– | 02 |
| 03.02.19 | गाज़ियाबाद | 650 | –– | –– | 02 |
| 03.02.19 | वाराणसी | 305 | –– | 29 लाख | 03 |
| 02.02.19 | मैनपुरी | 445 | –– | 15 लाख | 01 |
| 02.02.19 | फिरोज़ाबाद | 768 | –– | 14.75 लाख | 01 |
| 01.02.19 | लखनऊ | –– | 600 ग्रा. मॉरफीन | 60 लाख | 02 |
| 31.01.19 | प्रयागराज | –– | 77 कि.ग्रा. गाँजा | –– | 04 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद गौतमबुद्धनगर, अमेठी, जालौन, इटावा, गाज़ियाबाद, मैनपुरी, बाराबंकी, शामली, रायबरेली, बुलन्दशहर, बस्ती, गोरखपुर, सम्भल, आजमगढ़, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र, मऊ, अलीगढ़, मिर्जापुर, बलिया, कासगंज, बागपत, मथुरा, हापुड, आगरा, गोण्डा, लखनऊ, मेरठ, फिरोज़ाबाद, अयोध्या, फतेहपुर, शाहजहाँपुर, सुल्तानपुर, एटा, अमरोहा इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र–12/2019 दिनांक 28.02.2019 द्वारा रिट पिटीशन (क्रिमिनल) संख्याः 167/2012 श्रेया सिंघल बनाम यूनियन आफ इण्डिया में मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 24.03.2015 के अनुपालन के सम्बन्ध में निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र–11/2019 दिनांक 15.02.2019 द्वारा उ0प्र0 आबकारी (संशोधन) अधिनियम–2017 के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र–10/2019 दिनांक 08.02.2019 द्वारा अज्ञात शवों (Unclaimed Deadbody) के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र–09/2019 दिनांक 08.02.2019 द्वारा मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सी) संख्याः 565/2012 निपुन सक्सेना व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश।

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने फरवरी 2019 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 21.02.2019 : प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण के लाइसेंस नवीनीकरण न कराने वाली एजेन्सियाँ, जो अभिकरण का कार्य जारी रखे हुए हैं, के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश,
2. दिनांक 20.02.2019 : आगामी लोकसभा चुनाव–2019 की तैयारियों की समीक्षा व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा निर्देश,

3. दिनांक 19.02.2019 : दिनांक 09.02.2019 से प्रदेश में 15 दिवसीय अवैध देशी/अंग्रेजी शराब की तस्करी/निष्कर्षण/बिक्री/निर्माण पर अंकुश लगाने व अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान के निर्देश,

4. दिनांक 18.02.2019 : लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 में पुलिसकर्मियों एवं होमगार्ड्स को पोस्टल बैलट प्रयोग करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराये जाने, उनका EPIC CARD बनाने व पोस्टल बैलट से मत डालने सम्बन्धी निर्देश,

5. दिनांक 13.02.2019 : वैलेन्टाइन–डे पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित करने हेतु निर्देश,

6. दिनांक 11.02.2019 : मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बालकों एवं महिलाओं के हित तथा न्याय हित में दिये गये निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन किये जाने हेतु निर्देश,

7. दिनांक 07.02.2019 : माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2019 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों पर समुचित कानून–व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश,

8. दिनांक 06.02.2019 : अगले 06 माह में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के सेवानैवृत्तिक वित्तीय लाभ के निवेश के सम्बन्ध में प्रत्येक जनपद/इकाई में प्रत्येक माह एक कार्यशाला का आयोजन कराये जाने के निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- दिनांक 09.02.2019 से अवैध शराब की तस्करी/निष्कर्षण/बिक्री/निर्माण के विरूद्ध 15 दिवसीय अभियान के परिणाम–

| | |
|---|---|
| कुल पंजीकृत अभियोगों की संख्या | 6,365 |
| बरामद अवैध अंग्रेजी शराब | 1,19,766.68 लीटर |
| बरामद अवैध देशी शराब | 2,06,371.73 लीटर |
| नष्ट किया गया लहन | 23,16,687 लीटर |
| बरामद अवैध शराब भट्टियाँ | 1,162 |
| गिरफ्तार किये गये अभियुक्त | 6,692 |

- लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 की तैयारियों के दृष्टिगत 01.01.2019 से 20.02.2019 तक अवैध शस्त्रों एवं गैर जमानती वारण्ट के विरूद्ध कार्यवाही का विवरण–

| | |
|---|---|
| अवैध शस्त्रों के निर्माण/तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान छापे | 22,768 |
| कुल बरामद अवैध शस्त्र | 5,051 |
| वाहन चेकिंग के दौरान वसूल शमन शुल्क | रु. 7,26,98,984.00 |
| दिनांक 14.02.2019 से 20.02.2019 तक गैर जमानती वारण्ट की तामीला | 6,870 |

- यातायात सम्बन्धी कार्य एवं उपलब्धियाँ

सड़क दुर्घटना में वर्ष 2010 से लम्बित प्रकरणों में फार्म 54 भरकर उससे सम्बन्धित सूचनाएँ मा. दावा अभिकरण (मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल) को भेजने सम्बन्धी

| लम्बित | निस्तारित | निस्तारण (%) |
|---|---|---|
| 3,35,304 | 3,21,569 | 95 90 |

10 जनपदों यथा–लखनऊ, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, मथुरा, गोरखपुर में जनवरी 2019 से 1,10,447 वाहनों का ई–चालान किया गया।

| |
|---|
| राष्ट्रीय, प्रादेशिक व प्रमुख जनपदीय मार्गों पर कुल 1057 सड़क दुर्घटना बाहुल्य स्थलों (Black Spots) का चिन्हीकरण कर सुधार किया गया। |
| मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशो के क्रम में गुड सेमेरिटन के बचाव/संरक्षण हेतु 1,753 कार्यशालाओं का आयोजन, 2,874 थानों/चौकियों पर बोर्ड लगवाने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले 2,000 व्यक्तियों को पुरस्कार व एफएम/रेडियो चैनल्स पर व्यापक प्रचार–प्रसार भी कराया जा रहा है। |
| यातायात पुलिस की सक्रियता से फेसबुक पर 10,879 तथा ट्विटर पर 78,994 फॉलोवर्स जुड़े। |
| यातायात नियमों का एफएम/रेडियो चैनल (रेडियो सिटी, रेडियो मिर्ची, बिक एफएम, फीवर एफ व एआईआर, जिंगल्स/स्पॉट आदि) द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। |
| यातायात नियमों की जागरुकता तथा उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध विशेष अभियान चलाये गये। |
| प्रदेश में यातायात माह (नवम्बर 2018) एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह (दिनांक 04.02.2019 से 10.02.2019) के दौरान जनसामान्य व स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित, प्रेरित व जागरुक किया। यातायात नियम उल्लंघन पर 6,32,519 वाहनों का चालान, रु. 15,43,62,350 शमन शुल्क वसूला। |
| प्रत्येक बुधवार 'हेल्मेट एवं सीट बेल्ट दिवस' के रूप में मनाते हुए दिनांक 01.01.2018 से 6,35,704 वाहनों का चालान, रु. 7,28,99,250 शमन शुल्क वसूला। |

## विविध

- दिनांक 28.02.2019 : यूपी 100 में जनपदीय 72 पीआरवी कमाण्डर व सब–कमाण्डर के आठवें 18 दिवसीय "प्रमाणित प्रथम प्रतिसादकर्ता प्रशिक्षण" व 25 पीआरवी चालकों के दो दिवसीय "ड्राइवर सर्टीफिकेशन प्रशिक्षण" का समापन श्री आर.सी. दीक्षित, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के मुख्य आतिथ्य व श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न।




- दिनांक 17.02.2019 : प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2019 में मा. राज्यपाल, उ.प्र. से मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. लॉन को व्यक्तिगत वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 06 पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया।




- दिनांक 14.02.2019 : उ.प्र. पुलिस ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद 42 जवानों को प्रातः 10.30 बजे 02 मिनट का मौन रखकर भाव–भीनी श्रद्धांजलि दी।





- उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस (23,520 पुरुष व 4,703 महिला) तथा आरक्षी पीएसी (18,000 पुरुष) के चयन का अन्तिम परिणाम जारी किया गया।

## प्रयागराज कुम्भ–2019

| दिनांक | गतिविधि |
|---|---|
| 24.02.19 | मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार का प्रयागराज भ्रमण सम्पन्न। |
| 14.02.19 | मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार के दिनांक 19.02.2019 को प्रयागराज भ्रमण हेतु पुलिस/प्रशासन ने बैठक की। |
| 07.02.19 | अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद/पुलिस/ प्रशासन ने पूजन कर तीन दिवसीय पंचक्रोशी परिक्रमा प्रारम्भ की। |
| 05.02.19 | प्रभारी निरीक्षक, संगम कुम्भ मेला, प्रयागराज श्री दीपक कुमार ने मेला क्षेत्र से 06 चोरों को मय चोरी के सामान पकड़ कर विधिक कार्यवाही की। |
| 02.02.19 | श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु 326 नाविकों को कुल 1630 लाइफ जैकेट का वितरण। वृद्ध श्रद्धालुओं को स्नान हेतु कुम्भ मेला पुलिस की ओर से निःशुल्क 'आराम रथ' मोटर बाइक का शुभारम्भ। कुम्भ मेला पुलिस पर दो म्यूजिक एल्बम रिलीज़। |
| 01.02.19 | श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु शैक्षणिक संस्थाओं से बनाये गये पुलिस मित्रों को जैकेट वितरण। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस/प्रशासन की संयुक्त बैठक सम्पन्न। |

## कुम्भ में पुलिस द्वारा जन सेवा

| दिनांक | गतिविधि |
|---|---|
| 19.02.19 | सेक्टर 5 में गैस सिलेण्डर द्वारा लगी आग को अग्निशमन दस्ते ने तत्परता से बुझाया। |
| 18.02.19 | प्रातः 11.15 बजे सेक्टर 14 में शॉर्ट सर्किट द्वारा लगी आग को अग्निशमन दस्ते ने तत्परता से बुझाया। |
| 17.02.19 | 1. समय 1600 बजे पूजा सिंह, प्रयागराज के अपने 05 वर्षीय बेटे के बिछड़ जाने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से एनाउन्समेण्ट कराया व बच्चे को खोजकर 1730 बजे सौंपा। |
| | 2. 14 वर्षीय नैन्सी, चन्दौली के अपने परिवार से बिछड़ने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से एनाउन्समेण्ट कराकर नैन्सी को आधे घण्टे में परिजनों को सौंप दिया। |
| 07.02.19 | अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी खालसा सेक्टर 16 में शॉर्ट सर्किट से फूँस की झोपड़ी में लगी आग को अग्निशमन पुलिस ने तत्काल काबू कर जन–धन की हानि बचायी। |
| 03.02.19 | गोण्डा से संगम स्नान हेतु आयी अनुराधा तिवारी व सुरेमन तिवारी के खोये हुए 05 वर्षीय लड़के के सम्बन्ध में लाउड हेलर से एनाउन्समेण्ट व पीआरवी द्वारा खोजवाया गया। माता–पिता द्वारा बताये हुलिया के अनुसार बच्चे को 25 मिनट में खोज कर माता–पिता को सौंप दिया गया। |




निर्देशन : श्री सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर. के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500